मूल हिन्दी

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 1030
28 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

शहरी बस सेवाओं के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी

1030 # श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार शहरी बस सेवाओं के संचालन हेतु सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) कार्यक्रम की शुरूआत करने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि इस कार्यक्रम की शुरूआत होती है तो क्या बिहार राज्य को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा; और
(ग) यदि हां, तो सरकार इस योजना में बिहार राज्य को शामिल करके शहरी परिवहन व्यवस्था को किस प्रकार पुनर्गठित करने की योजना बना रही है?

<u>उत्तर</u>
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री कौशल किशोर)

(क) और (ख) जी, हाँ ।

(ग) शहरी यातायात शहरी विकास का एक अभिन्न अंग है जोकि राज्य का एक विषय है। सिटी बस सेवा समेत, शहरी यातायात प्रणाली को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की है।
